प्रथम सूचना रिपोर्ट

{ अन्तर्गत धारा 154 दण्ड प्रकिया सहित}

1. जिला–भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों, जालोर, थानाः–एसीबी सीपीएस जयपुर, वर्ष 2022
   प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 128/22 दिनांक 12/4/2022
2. (1) अधिनियम भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018, धारा 7, 7ए
   (2) अधिनियम भारतीय दण्ड संहिता धारायेः– 120बी
   (3) अधिनियम .....–..... धारायें :–.....–.....
   (4) अन्य अधिनियम व धारायें :– .....–.....
3. (अ) रोजनामचा आम रपट संख्या 221 समय 6:00 PM,
   (ब) अपराध के घटने का दिन :–**सोमवार, दिनांक 11.04.2022, समय 12.04 पी.एम.**
   (स) थाना पर सूचना प्राप्त होने का दिनांक :– **06.04.2022 समय 08.00 ए.एम.**
4. सूचना की किस्म :– **कम्पयुटराईज्ड टाईप सुदा,**
5. घटनास्थल :–
   (अ) पुलिस थाना से दिशा व दूरीः–**चौकी से बदिश दक्षिण–पश्चिम बफासला करीब 80 कि.मी. दूर।**
   (ब) पता :– **गोयली चौराया जालोर रोड, सिरोही**
   (स) यदि इस पुलिस थाना से बाहरी सीमा का है तो :– नहीं
6. परिवादी/सूचनाकर्त्ता :–
   1. **श्री हरीसिंह पुत्र श्री रतनसिंह जाति राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी सचियाव्जी मार्ग, जावाल पुलिस थाना बरलूट तहसील व जिला सिरोही हाल प्रोपराईटर गुरूकृपा जनरल स्टोर ,नई आबादी गली नं0 02 , जावाल तहसील व जिला सिरोही।**
7. ज्ञात/अज्ञात संदिग्ध अभियुक्तो का ब्यौरा विशिष्टियों सहित :–
   1.श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री स्व. रामकिशन शर्मा जाति ब्राहम्ण उम्र 58 वर्ष निवासी पीतल फेक्ट्री , ताम्बी पेट्रोल पंम्प के सामने , मकान नंबर 111, झोटवाडा रोड जयपुर तहसील व जिला जयपुर हाल ,खाद्य सुरक्षा अधिकारी ,कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही जिला सिरोही।

   2 श्री विशालसिंह पुत्र श्री मदनसिंह जाति राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी इंद्रा कॉलानी, लक्ष्मीनायायण मार्ग, पिण्डवाडा पुलिस थाना पिण्डवाडा जिला सिरोही हाल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ,कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही जिला सिरोही हाल जिला प्रशिक्षण केन्द्र सिरोही जिला सिरोही
8. परिवादी/सूचनाकर्ता द्वारा इतला देने में विलम्ब का कारण :– कोई नहीं।
9. चुराई हुई/लिप्त सम्पत्ति की विशिष्टयां :–.....
10. चुराई हुई/लिप्त सम्पत्तिया का कुल मूल्य ट्रेप राशि 17,000/–रू0,
11. पंचनामा /यूडी केस संख्या (अगर हो तो).....
12. विषय वस्तु प्रथम इत्तला रिपोर्ट .....

सेवामें

श्रीमान् एडिशनल एसपी साहब,
ए0सी0बी0 जालोर

विषय :– रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाने बाबत्।

महोदयजी,

उपरोक्त विषयान्तर्गत मन् हरीसिंह पुत्र श्री रतनसिंह जाति राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी सचियाव्जी मार्ग, जावाल पुलिस थाना बरलूट तहसील व जिला सिरोही का निवेदन इस प्रकार है कि मुझ प्रार्थी के गुरूकृपा जनरल स्टोर नाम से डेयरी की दुकान नई आबादी गली नं0 02 , जावाल में स्थित है जिसके रजिस्ट्रेशन नं 22220023000387 है श्री विनोद कुमार शर्मा, खाघ सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही मेरे से करीब दस दिन पूर्व मेरे दुकान पर आकर मिले और मुझसे कहा यदि आपने मुझे बंधी नही दी तो मै आपकी डेयरी से दूध व दही के सेम्पल लेकर जब्त कर उसकी मिलावट की रिपोर्ट दूंगा जिससे तेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा और तुझे जेल होगी। यदि सही रिपोर्ट देनी है तो मुझे हर छः माह में मुझे बंधी के रूप में 22,000(बाईस)हजार रूपये देने पडेंगे। यदि तुने मुझे 22,000 हजार रूपये बंधी के नही दिए तो मै तेरे खिलाफ कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज करवाउंगा। मै मेरी डेयरी पर बिकने वाले दूध,दही व अन्य सामान में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं करता हूं।

मैं मेरे जायज कार्य के लिए श्री विनोद कुमार शर्मा, खाघ सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही को रिश्वत नही देना चाहता हूं। उन्हे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हूं। मेरा श्री विनोद कुमार शर्मा, खाघ सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही से आपस में कोई लेन देन बकाया नही है एवं न ही कोई आपसी रंजिश है। उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करावें।

सलंग्नः– 1.स्वप्रमाणित आधार कार्ड छायाप्रति।
2. गुरूकृपा जरनल स्टोर का दस्तावेज स्वप्रमाणित।

दिनांक 06.04.2022

इति दिनांक– 06/04/2022
सी.आई राजेन्द्रसिह कार्यवाही करे।एस.डी.
महावीरसिंह राणावत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,06.04.2022
एस.डी. राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस,06.04.2022
एस.डी. गवाह श्री विनोद कुमार कनिष्ठ सहायक/11.04.2022
एस.डी. गवाह श्री भंवरलाल कनिष्ठ सहायक/11.04.2022

प्रार्थी
एस.डी. हरीसिंह पुत्र श्री रतनसिंह
जाति राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी
सचियाव्जी मार्ग, जावाल पुलिस थाना
बरलूट तहसील व जिला सिरोही
9352116565

कार्यवाही पुलिस

निवेदन इस प्रकार है कि उपरोक्त लिखित रिपोर्ट पर दिनांक 06.04.2022 को वक्त 8 ए.एम पर परिवादी श्री हरीसिंह पुत्र श्री रतनसिंह जाति राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी सचियाव्जी मार्ग, जावाल पुलिस थाना बरलूट तहसील व जिला सिरोही मोबाईल नम्बर 9352116565 ने एक टाईप शुदा रिपोर्ट ब्यूरो कार्यालय जालोर पर उपस्थित होकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत की कि मुझ प्रार्थी के गुरूकृपा जनरल स्टोर नाम से डेयरी की दुकान नई आबादी गली नं0 02 , जावाल में स्थित है जिसके रजिस्ट्रेशन नं 22220023000387 है श्री विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही मेरे से करीब दस दिन पूर्व मेरे

दुकान पर आकर मिले और मुझसे कहा यदि आपने मुझे बंधी नही दी तो मै आपकी डेयरी से दूध व दही के सेम्पल लेकर जब्त कर उसकी मिलावट की रिपोर्ट दूंगा जिससे तेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा और तुझे जेल होगी। यदि सही रिपोर्ट देनी है तो मुझे हर छः माह में मुझे बंधी के रूप में 22,000(बाईस)हजार रूपये देने पडेंगे। यदि तुने मुझे 22,000 हजार रूपये बंधी के नही दिए .तो मै तेरे खिलाफ कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज करवाउंगा। मै मेरी डेयरी पर बिकने वाले दूध,दही व अन्य सामान में किसी भी प्रकार की मिलावट नहीं करता हूं। मैं मेरे जायज कार्य के लिए श्री विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही को रिश्वत नही देना चाहता हूं। उन्हे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथो पकडवाना चाहता हूं। मेरा श्री विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही से आपस में कोई लेन देन बकाया नही है एवं न ही कोई आपसी रंजिश है। उनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करावें। पुलिस दरियाफ्त पर परिवादी ने यह टाईपशुदा रिपोर्ट अपने किसी विश्वसनीय ईमित्र से टाईप करवाना बताया तथा उक्त रिपोर्ट पर स्वयं के हस्ताक्षर भी होना बताया तथा रिपोर्ट में लिखे सभी तथ्य सही होना बताया। परिवादी श्री हरीसिंह ने यह भी बताया कि श्री विनोद शर्मा खाघ सुरक्षा अधिकारी काफी भ्रष्ट प्रवृति के है जो बिना पैसे लिये किसी भी व्यक्ति का जायज काम नही करते है। पैसे नही देने पर लोगो को नाजायज रूप से परेशान करते है तथा जगह बजगह भटकाते रहते है। मैं उनसे मेरे जायज काम के लिये बात करूंगा तो वो मेरे से भी बिना रिश्वत लिये काम नही करेगें। श्री विनोद शर्मा ,खाघ सुरक्षा अधिकारी मुझे सिरोही जिला मुख्यालय स्थित सीएमएचओ आफिस परिसर में उनके कार्यालय कक्ष पर मेरे से रिश्वत संबधी वार्ता कर लेगें। जिस पर श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस को कार्यालय कक्ष में तलब कर परिवादी श्री हरीसिंह से उनका परिचय करवाया गया तथा परिवादी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी की रिपोर्ट में अंकित तथ्य एवं उसके कथनों से मामला लोक सेवक द्वारा वैद्य कार्य के लिये रिश्वत की मांग करना प्रथम दृष्टिया भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की परिभाषा में आने से प्रथमतः रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया जाना आवश्यक होने से गोपनीय सत्यापन करवाने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात दिनांक 06.04.2022 को मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा कानि0 श्री गुलाबसिंह नं0 140 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के कार्यालय कक्ष में बुलाकर मालखाना से डिजीटल टेप रिकार्ड मंगवाकर खाली होना सुनिश्चित कर परिवादी श्री हरीसिंह से उसका आपस में परस्पर परिचय करवाया गया। तत्पश्चात् कार्यालय का डिजीटल टेप रिकार्डर श्री गुलाबसिंह कानि0 को सुपूर्द कर हिदायत दी की कि परिवादी श्री हरीसिंह के साथ सिरोही जिला मुख्यालय स्थित सीएमएचओ आफिस जाकर श्री विनोद कुमार शर्मा ,खाघ सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही से सम्पर्क कर रिश्वती राशि मांग का गोपनीय सत्यापन कराकर लावे। इत्यादी हिदायत देकर परिवादी श्री हरीसिंह तथा श्री गुलाबसिंह कानि0 नं. 140 को सिरोही के लिऐ रवाना किया गया।

तत्पश्चात दिनांक 06.04.2022 को रिश्वती राशि मांग सत्यापन में गये हुये श्री गुलाबसिंह कानि0 हमरा परिवादी श्री हरीसिंह के ब्यूरो कार्यालय में मन् निरीक्षक पुलिस के समक्ष उपस्थित आये। श्री गुलाबसिंह कानि0 ने डिजीटल टेप रिकार्डर मन् निरीक्षक पुलिस को सुपुर्द करते हुऐ बताया कि श्रीमान के निर्देशानुसार आज दिनांक 06.04.2022 को ब्यूरो कार्यालय से परिवादी हरीसिंह के साथ रवाना होकर करीबन 11.15 ए0एम0 पर सिरोही जिला मुख्यालय स्थित सीएमएचओ आफिस के पास पहुँचा। मन् कानि0 ने परिवादी श्री हरीसिंह को कार्यालय का डिजीटल टेप रिकार्डर ऑन कर सुपुर्द कर श्री विनोद शर्मा विनोद कुमार शर्मा, खाघ सुरक्षा अधिकारी , कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही से रिश्वती राशि मांग सम्बंधी वार्तालाप करने हेतु रवाना किया गया तथा मन् कानि. आस पास अपनी उपस्थिति छुपाते हुए परिवादी के आने के इन्तजार में व्यस्त हुआ। तत्पश्चात् कुछ समय बाद परिवादी श्री हरीसिंह मेरे पास आकर मन् कानि. को कार्यालय का डिजीटल टेप रिकार्डर सुपुर्द किया, जिसको स्वीच आफॅ कर मैने अपने कब्जे में रखा। परिवादी श्री हरीसिंह ने बताया कि श्री विनोद कुमार शर्मा,खाघ सुरक्षा अधिकारी मुझे कार्यालय में उपस्थित मिले। उन्होने मेरे से बंधी के रूप में रिश्वत के 22 हजार रूपये लाने हेतु कहा है मेरे द्वारा चार दिन का समय मांगा गया है मै जब भी बंधी के रूप में रिश्वत के 22 हजार रूपये लेकर जाउंगा तो वो मुझसे रूपये ले लेंगे। ताबाद मन् कानि. मय कार्यालय का डिजीटल टेप रिकार्डर व परिवादी श्री हरीसिंह के परिवादी के निजी वाहन से

रवाना होकर आपके समक्ष उपस्थित आये है। उपस्थित परिवादी ने भी कानि0 श्री गुलाबसिंह के कथनो की ताईद की। तत्पश्चात मन् निरीक्षक पुलिस ने डिजीटल टेप रिकार्डर को ऑन कर रिवर्स कर सुना तो कानि0 श्री गुलाबसिंह एंव परिवादी श्री हरीसिंह के कथनो की ताईद होते हुए रिश्वती राशि मांग की पुष्टि होना पाया गया। परिवादी श्री हरीसिंह ने यह भी बताया है कि श्री विनोद शर्मा ,खाघ सुरक्षा अधिकारी को बंधी के रूप में रिश्वत में दी जाने वाली की व्यस्था दिनांक 11.04.2022 तक व्यवस्था कर ब्यूरो कार्यालय जालोर आपके समक्ष उपस्थित हो जाउंगा। जिस पर अग्रिम ट्रेप का आयोजन दिनांक 11.04.2022 को करने निर्णय लिया गया। ट्रेप कार्यवाही दिनांक 11.04.2022 को किया जाना सुनिश्चत होने से टेप रिकार्डर जिसमें रिश्वती राशि मांग की वार्तालाप रिकार्ड को सुरक्षित मन् निरीक्षक पुलिस ने अपने कब्जे में रखा। जिसकी आईन्दा गवाहन एवं परिवादी के रूबरू ट्रांसकिप्टस रिश्वती राशि मांग सत्यापन एवं सीडीया तैयार करने का निर्णय लिया गया। तत्पश्चात् परिवादी श्री हरीसिह को हिदायत दी कि आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा द्वारा रिश्वत में मांगी गई राशि 22 हजार रूपये की व्यवस्था कर दिनांक 11.04.2022 को ब्यूरो कार्यालय जालोर पर उपस्थित आवें इत्यादि हिदायत देकर परिवादी श्री हरीसिंह को रूखस्त किया गया।

तत्पश्चात दिनांक 10.04.2022 को परिवादी श्री हरीसिंह ने मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस, को जरिये दूरभाष सूचित किया की श्री विनोद कुमार शर्मा, खाघ सुरक्षा अधिकारी, को रिश्वत में दी जाने वाली राशि 22 हजार की व्यवस्था हो गई है जिस पर मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा परिवादी श्री हरीसिंह को हिदायत की कि कल प्रातः 6.30 ए.एम. पर ब्यूरो कार्यालय जालोर मय आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा को रिश्वत में दी जाने वाली राशि के उपस्थित आवे। दिनांक 11.04.2022 को प्रातः जल्दी ट्रेप कार्यवाही प्रस्तावित होने से मन् निरीक्षक पुलिस द्वारा श्री विक्रमसिंह कानि0 नं.556 को विकास अधिकारी, पंचायत सम़िति जालोर से वार्ता कर दिनांक 11.04.2022 को प्रातः गोपनीय कार्यवाही हेतु दो स्वतन्त्र गवाहान उपलब्ध करवाने हेतु पाबंध किया गया एवं ब्यूरो चौकी के स्टाफ को भी प्रातः 6.30 ए0एम0 पर उपस्थित होने हेतु पाबंध किया गया।

तत्पश्चात दिनांक 11.04.2022 को पूर्व पाबंध सुदा परिवादी श्री हरीसिंह ब्यूरो चौकी पर मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस के कार्यालय कक्ष में उपस्थित आया एवं बताया कि श्री विनोद कुमार शर्मा, खाघ सुरक्षा अधिकारी के कहे अनुसार मांगी गई रिश्वत राशि 22 हजार रुपये साथ लेकर आया हूँ। इसी दौरान पूर्व से पाबंध सुदा दो सरकारी गवाह ब्यूरो चौकी जालोर पर उपस्थित आये एवं बताया कि श्रीमान् विकास अधिकारी , पंचायत समिति जालोर साहब के टेलीफोनिक वार्ता अनुसार एसीबी की गोपनीय कार्यवाही में स्वतंत्र गवाह हेतु पाबंध होने पर उपस्थित हुए है, जिस पर दोनो स्वतंत्र गवाहान का परिचय प्राप्त किया गया तो उन्होनें अपना–अपना परिचय क्रमशः श्री भंवरलाल पुत्र श्री हीरकाराम जाति मीणा उम्र 34 वर्ष निवासी मीनो का वास,नारनावास पुलिस थाना बागरा तहसील व जिला जालोर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय पंचायत समिति, जालोर, मोबाईल नम्बर 9636626986 एवं श्री विनोद कुमार पुत्र श्री सांवलाराम जाति मेघवाल उम्र 28 वर्ष, निवासी रामदेव कॉलोनी, जालोर पुलिस थाना कोतवाली तहसील व जिला जालोर हाल कनिष्ठ सहायक कार्यालय पंचायत समिति, जालोर, मोबाईल नम्बर 9001420400 होना बताया। दोनो गवाहान को ब्यूरो कार्यालय में बुलाने के मन्तव्य से अवगत करवाया गया। तत्पश्चात मन् निरीक्षक पुलिस के कार्यालय कक्ष में उपस्थित परिवादी हरीसिंह का दोनो गवाहान से परस्पर परिचय करवाया गया एवं परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को दोनो गवाहान को पढ़ाया गया। दोनो गवाहान ने भी परिवादी से उक्त शिकायत के तथ्यो के सम्बंध में वार्ता कर पूर्ण तस्सली की। तत्पश्चात दोनों गवाहान ने परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अपने–अपने हस्ताक्षर करते हुए कार्यवाही में स्वतन्त्र गवाहान बनने की सहमति प्रदान की।

तत्पश्चात परिवादी श्री हरीसिंह पुत्र श्री रतनसिंह जाति राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी सचियाव्जी मार्ग, जावाल पुलिस थाना बरलूट तहसील व जिला सिरोही को आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा, खाघ सूरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सिरोही जिला सिरोही को रिश्वत में दी जाने वाली राशि 22हजार रू0 (अक्षरे बाईस हजार रूपये) प्रस्तुत करने हेतु कहा गया तो परिवादी श्री हरीसिंह ने आरोपी श्री विनोद शर्मा को रिश्वत में दी जाने वाली राशि भारतीय मुद्रा के 500–500

रू. के 44 नोट, कुल राशि 22 हजार रू0(अक्षरे बाईस हजार रूपये) मन् निरीक्षक पुलिस को पेश किय। परिवादी द्वारा प्रस्तुत नोटों के नंबर निम्नानुसार है :–

1.	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	DW	139074
2.	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	DW	139075
3	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	DW	139076
4	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	DW	139081
5	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	8	WC	287815
6	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	6	CP	235565
7	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	4	AC	196525
8	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	8	BU	914180
9	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	8	GG	263603
10	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	1	ER	067423
11	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	6	FT	181304
12	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	2	EN	568607
13	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	4	AU	419781
14	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	3	UA	491752
15	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	4	EU	954453
16	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	PD	599784
17	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	4	MN	768038
18	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	9	FM	075290
19	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	6	NV	680280
20	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	6	GW	452687
21	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	3	NF	202667
22	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	0	FQ	700710
23	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	TM	237928
24	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	BB	300964
25	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	4	SM	588207

26	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	GK	969154
27	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	KK	826154
28	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	RR	909285
29	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	2	BV	026172
30	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	9	CP	863135
31	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	2	AC	829429
32	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	3	BA	750016
33	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	4	AE	478770
34	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	8	LK	672251
35	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	3	VT	071926
36	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	3	PH	682575
37	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	5	FB	443596
38	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	1	PT	850875
39	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	1	LS	492544
40	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	1	LS	492545
41	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	1	LS	492548
42	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	1	LS	492549
43	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	1	LS	492550
44	एक नोट पांच सौ रूपये का नम्बरी	4	CS	894444

श्री मोहनलाल हैड कानि0 नं0 93 से फिनोफ्थलीन पाउडर की शिशि मंगवाई गई। उपरोक्त सभी नोटो को अखबार पर रखवाये जाकर नोटों पर श्री कालूराम कानि. नं. 477 से फिनोफथलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री हरीसिंह की जामा तलाशी गवाह श्री विनोद कुमार कनिष्ट सहायक से लिवाई गई तो परिवादी के पास कोई आपत्तिजनक दस्तावेजात व अन्य राशि नहीं रहने दी गई। इसके बाद फिनोफथलीन पाउडर युक्त 22 हजार (बाईस हजार)/– रूपयें के नोट श्री कालूराम कानि नं. 477 से ही परिवादी के पहने हुये पेन्ट के बांयी साईड की जेब में रखवाये गये। परिवादी को हिदायत दी गई कि वह अपनी जेब मे रखे नोटों को हाथ नहीं लगाये तथा श्री विनोद कुमार शर्मा द्वारा मांगने पर ही निकालकर उसे देवें। रिश्वती राशि देने के पश्चात एवं पूर्व में श्री विनोद कुमार शर्मा से हाथ नहीं मिलायें, यदि अभिवादन करने की आवश्यकता पड़े तो दूर से दोनों हाथ जोड़कर अभिवादन कर ले। श्री विनोद कुमार शर्मा द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के पश्चात कहां रखते है अथवा कहॉ छुपाते हैं का भी ध्यान रखें। परिवादी को हिदायत दी गई कि श्री विनोद कुमार शर्मा द्वारा रिश्वती राशि प्राप्त करने के बाद अपने सिर पर दों

तीन बार हाथ फेर कर या अपने मोबाईल से मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस के मोबाईल पर मिस कॉल कर गोपनीय ईशारा करे। तत्पश्चात एक कांच की साफ गिलास में साफ पानी भरकर मंगवाया गया। जिसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाऊडर डालकर घोल तैयार कर गवाहान, परिवादी को दिखाया गया तो सभी हाजरीन ने रंगहीन घोल होना स्वीकार कियां। इस रंगहीन घोल में श्री कालूराम कानि0 नं. 477 के हाथों की अंगुलियों को डुबोकर घुलवाई गई तो घोल का रंग गहरा गुलाबी हो गया जिसे सभी हाजरीन ने घोल का रंग गुलाबी होना स्वीकार किया। सभी हाजरीन को समझाईश की गई कि आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा द्वारा रिश्वती राशि के नोटों को हाथ लगाने और सोडियम कार्बोनेट के घोल में हाथ धुलाने पर घोल का रंग गुलाबी हो जायेगा। फिनोफथलीन पाऊडर एवं सोडियम कार्बोनेट के मिश्रण की किया–प्रतिकिया व उपयोगिता के बारे में सभी को भली भांति समझाया गया। फिर गिलास के गुलाबी घोल को बाहर फिकवाया जाकर गिलास को साफ पानी व साबुन से धुलवा कर उस अखबार को जलाकर नष्ट करवाया गया जिस पर नोटों को रखकर फिनोफथलीन पाउडर लगाया गया था। समस्त ट्रेप पार्टी के सदस्यों, गवाहान एवं परिवादी श्री हरींसिंह के हाथ एवं ट्रेप कार्यवाही हेतु उपयोग में ली जाने वाली सामग्री वगैरहा को भी साफ पानी व साबुन से दो–दो बार धुलवाया गया एवं परिवादी श्री हरीसिंह के अलावा ट्रेप पार्टी के सदस्यों की आपस में जामा तलाशी लिरवाई जाकर कोई आपत्तिजनक वस्तु एवं राशि आदि नहीं रहने दी गई। मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस ने अपना मोबाईल अपने पास रखा। गवाहान को हिदायत दी गई कि जहां तक संभव हो परिवादी व आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा के बीच में होने वाली रिश्वती राशि लेन देन व वार्तालाप को देखने व सुननें का प्रयास करें। नोटों पर फिनोफ्थलीन पाऊडर लगाने वाले श्री कालूराम कानि.नं0 477 को ब्यूरो जाब्ता कमी होने से ट्रेप कार्यवाही में साथ रखा गया।उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पेशकशी एवं सूपर्दगी नोट तथा दृष्टांत फिनोफथलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर पृथक से तैयार करवाये जाकर संबधित के हस्ताक्षर करवाये गए।

तत्पश्चात परिवादी श्री हरीसिंह एवं आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा ,खाघ सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही के मध्य दिनांक 06.04.2022 को रूबरू हुई रिश्वती राशि मांग सत्यापन की वार्ता जो कार्यालय के डिजीटल टेप रिकार्डर में रिकार्ड है। उक्त वार्ता को रूबरू मौतबिरान एवं परिवादी के समक्ष सुन–सुन कर शब्द–बशब्द फर्द ट्रांस्क्रिप्ट रिश्वती राशि मांग सत्यापन मुर्तिब कर शामिल पत्रावली की गई। वार्तालाप की कार्यालय के लेपटॉप के माध्यम से दो सी.डी. तैयार कर एक को मूल मानते हुये कपडे की थेली में डालकर सील मोहर कर थेली पर सम्बंधित के हस्ताक्षर करवाये गये एवं दुसरी सी.डी. को डब मानते हुये खुली रखी गई। उक्त दोनों सी.डी. को मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस नें स्वंय की अभिरक्षा में रख जमा ट्रेप बॉक्स की गई।

तत्पश्चात मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस मय श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ0महावीरसिंह राणावत, दोनों गवाहान श्री विनोद कुमार व श्री भंवरलाल परिवादी श्री हरिसिंह, ब्यूरो जाब्ता सर्व श्री मोहनलाल हैड कानि0 नं. 93, श्री विक्रमसिंह कानि. नं.556, श्री गुलाबसिंह कानि. नं. 140, श्री कालूराम कानि. नं. 477, श्री गोपाल कुमार कानि. नं. 537 ,श्री आदूराम कानि.नं. 142 जरिये राजकीय वाहन आर.जे. 14 यूई 0818 एंव दो निजी वाहन तथा परिवादी श्री हरिसिंह के निजी वाहन के मय ट्रेप बॉक्स, कार्यालय का लेपटॉप, प्रिन्टर, डिजीटल वॉयस रिकॉर्ड व अन्य आवश्यक सामग्री के रवाना भ्रनिब्यूरो सिरोही से सिरोही को हुआ। स्टाफ की कमी होने से कार्यालय हाजा को तालाबन्द करवाकर चाबी श्री मोहनलाल हैड कानि. नं 93 को सुपुर्द करवाई गई।

तत्पश्चात पैरा उपरोक्त का रवाना सुदा मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहियान बमुकाम सिरोही में हाईवे पर अवस्थित "बाबा रामदेव होटल" के पास पंहुचा, आरोपी श्री विनोदकुमार शर्मा खाद्य सूचना अधिकारी की मौजूदगी व लेन–देन स्थल के निर्धारण हेतु परिवादी श्री हरिसिंह के मोबाईल नं. 9352116565 से आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा के

मोबाईल नं. 9799174892 पर वक्त 10:42 ए.एम. पर कॉल करवाकर वार्ता करवाई गई एंव वक्त वार्ता परिवादी द्वारा कहा गया कि मैं आबूरोड़ से निकलकर पिण्डवाडा पंहुच गया हूं आपसे कहां मिलना हैं, तो श्री विनोदकुमार शर्मा ने परिवादी से पूछा कि कितने समय में आ जाओगे, तो परिवादी ने कहा कि 15–20 मिनट यानि करीब आधा घण्टा लगेगा। तब आरोपी ने कहा कि आ जाओ, होटल ऐयरलाईन आ जाओ, तब परिवादी ने पुनः क्लीयर करना चाहा तो आरोपी ने कहा कि सिरोही पंहुचकर फोन करना, बता दूंगा। जिस पर उपरोक्त वार्तानुसार पिण्डवाडा से सिरोही पंहुचने में लगने वाले संभावित समय तक इन्तजार कर पुनः एस.ओ. से सम्पर्क करने का निर्णय लिया गया।

तत्पश्चात वक्त अर्थात वक्त 11:17 ए.एम. पर आरोपी श्री विनोदकुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यालय में पदस्थापित श्री विशालसिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के मोबाईल नं. 9829256896 से परिवादी श्री हरिसिंह के मोबाईल नं. 9352116565 पर कॉल आया, जिसका नाम मय नंबर पूर्व से परिवादी के मोबाईल की कॉन्टेक्ट लिस्ट सेव था, लिहाजा कॉल आते ही परिवादी द्वारा श्री विशालसिंह के संबध में उपरोक्त सूचना से अवगत कराने व तत्समय डिजीटल टेप रिकॉर्डर को ऑन नहीं कर पाने से श्री विशालसिंह का कॉल अटेण्ड नहीं करने की हिदायत की गई व तत्पश्चात वक्त 11:18 ए.एम. पर डिजीटल टेप रिकॉर्डर ऑन कर ऊपर अंकित परिवादी के मोबाईल नं. से विशालसिंह के मोबाईल नं. पर कॉल करवाकर स्पीकर ऑन कर वार्ता करवाई जाकर रिकॉर्डिंग की गई तो श्री विशालसिंह ने परिवादी से पूछा कि कहां हो तब परिवादी ने कहा कि 15–20 मिनट में सिरोही पंहुचने वाला हूं, तो उन्होनें कहा कि पंहुचकर बात करना। इस दौरान वक्त 11:29 से 11:32 ए.एम. तक परिवादी श्री हरिसिंह के मोबाईल नं. 9352116565 से आरोपी श्री विनोद कुमार शर्मा के मोबाईल नं. 9799174892 पर तीन–चार बार कॉल करवाया गया किन्तु आरोपी श्री विनोदकुमार शर्मा खाद्य सूरक्षा अधिकारी द्वारा परिवादी का कोई कॉल अटेण्ड नहीं किया गया एंव अन्तिम दोनों कॉल एस.ओ. द्वारा काटे गये। कि कुछ समय पश्चात वक्त 11:41 ए.एम. पर श्री विशालसिंह का परिवादी के पास कॉल आया व कहा कि कहां हो, तब परिवादी ने कहा कि गोयली चौराहे आया हूं, तब विशालसिंह ने कहा कि मैं मिलूंगा आपसे मैं सिरोही ही हूं। तब परिवादी ने पूछा साहब कहां हैं आपके साथ ही हैं क्या ? जिस पर विशालसिंह ने कहा कि साहब ने मुझे फोन किया था कि मैं मीटिंग में हूं आप जाकर मिल लेना, तब परिवादी ने कहा कि मेरी बात हुई थी मुझे सिरोही पंहुच फोन करने का साहब ने बोला हैं, जिस पर विशालसिंह ने कहा कि वे काम में बिजी हैं आप उन्हें फोन मत करना मैं आ रहा हूं। तब परिवादी ने कहा कि ठीक हैं। उपरोक्त वार्ता एंव एस.ओ. द्वारा परिवादी की कॉल कट करने से आरोपी श्री विनोदकुमार शर्मा द्वारा परिवादी से रिश्वती राशि लेनदेन हेतु श्री विशालसिंह को अधिकृत करना स्पष्ट हुआ, लिहाजा रिश्वती राशि लेन–देन परिवादी एंव विशालसिंह के दरम्यिान करवाने का निर्णय लिया जाकर वक्त 11:50 ए.एम. पर परिवादी से विशालसिंह को कॉल करवाने पर परिवादी ने कहा कि हैलो कहां हो, तब विशालसिंह ने कहा कि मैं यहीं नाश्ता वाली लॉरी के पास हूं, तब परिवादी ने कहा कि मैं ठेके के पास एम.आर.एफ. टायर वाले के पास हूं, तब विशालसिंह ने परिवादी से कहा कि यहीं आ जाओं। जिस पर परिवादी को डिजीटल टेप रिकॉर्डर ऑन कर सुपुर्द कर सह–आरोपी श्री विशालसिंह से सम्पर्क करने हेतु रवाना किया। मन् निरीक्षक पुलिस मय शेष समस्त हमराहियान परिवादी के गोपनीय ईशारे के इन्तजार में व्यस्त हुए।

तत्पश्चात गोयली चौराहा सिरोही पर जालोर रोड़ के बांयी तरफ स्थित बजोबा वडापाव की दुकान के सामने एक अन्य जीन्स–टीशर्ट पहने व्यक्ति के साथ खड़े परिवादी श्री हरिसिंह पुत्र श्री रतनसिंह, जाति राजपूत, उम्र 36 वर्ष, निवासी सचियाव्जी मार्ग, जावाल, पुलिस थाना बरलूट, तहसील व जिला सिरोही, हाल प्रोपराईटर गुरूकृपा जनरल स्टोर, जावाल ने वक्त 12:04 पी.एम. पर पूर्व निर्धारित गोपनीय ईशारा अपने सिर पर दो–तीन बार हाथ फिराकर रिश्वत राशि लेन–देन होने की सूचना दी। जिस पर मन् राजेन्द्रसिंह पुलिस निरीक्षक मय दोनों गवाहान एंव ब्यूरो जाब्ता के परिवादी के पास पंहुच उनसे पूर्व में दिया गया डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर प्राप्त कर स्वीच ऑफ कर स्वयं की अभिरक्षा में लिया, कि परिवादी ने अपने पास खड़े जीन्स–टीशर्ट पहने व्यक्ति की तरफ ईशारा कर बताया कि यह श्री विशालसिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं जो आरोपी श्री विनोदकुमार शर्मा खाद्य सूरक्षा अधिकारी के कार्यालय में लगे हुए हैं, जिन्होनें आरोपी श्री

विनोदकुमार शर्मा खाद्य सूरक्षा अधिकारी के कहने पर उनके लिए मेरे से मांग कर अभी–अभी 17000 रूपये प्राप्त कर गिनकर अपनी पहनी हुई जींस पेंट के पीछे की बांयीं जेब में रखे हैं। जिस पर उक्त श्री विशालसिंह को मन् राजेन्द्रसिंह निरीक्षक पुलिस मय हमराहियान का परिचय देकर मन्तव्य से अवगत करवाकर परिचय पूछा तो उसने अपना परिचय श्री विशालसिंह पुत्र श्री मदनसिंह, जाति राजपूत, उम्र 32 वर्ष, निवासी इंद्रा कॉलानी, लक्ष्मीनारायण मार्ग, पिण्डवाडा, पुलिस थाना पिण्डवाडा, जिला सिरोही, हाल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,सिरोही जिला सिरोही, मोबाईल नं. 9829256896 के रूप में दिया। जिस पर श्री विशालसिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को परिवादी श्री हरिसिंह को पहचानने एंव अभी कुछ देर पहले परिवादी से 17000 रू. प्राप्त कर अपने पास रखने के बारे में पूछने पर उसने बताया कि इसी माह मेरा स्थानान्तरण होने पर मैंने 10–12 दिन पूर्व जिला प्रशिक्षण केन्द्र सिरोही में डियूटी ज्वाईन की थी, इससे पूर्व मैं श्रीमान सीएमएचओ साहब द्वारा जारी कार्यालय आदेशानुसार माह जनवरी से मार्च/2022 तक श्री विनोदकुमार शर्मा खाद्य निरीक्षक के साथ फिल्ड डियूटी हेतु अटेच था, इसलिए परिवादी श्री हरिसिंह को पूर्व से जानता था, ये ग्राम जावाल में गुरूकृपा नामक डेयरी चलाते हैं एंव फिल्ड डियूटी के दौरान शर्मा साहब के साथ मैं एक–दो बार इनकी डेयरी पर गया था। आज प्रातः श्री विनोद कुमार शर्मा खाद्य निरीक्षक ने मुझे फोन पर वॉटसएप कॉल कर श्री हरिसिंह से सम्पर्क कर उनसे पूर्व में तय राशि प्राप्त कर स्वयं तक पंहुचाने का कहा था। जिस पर मैंने श्री हरिसिंह से टेलीफोनिक सम्पर्क कर यहां मिलकर श्री विनोदकुमार शर्मा खाद्य निरीक्षक के कहेनुसार उनके लिए उनके द्वारा पूर्व में तय राशि 22000 रू. में से परिवादी के आग्रह पर परिवादी के सामने ही साहब से पुनः वॉट्सऐप कॉल कर पूर्व की तय राशि में से कुछ कम करने का आग्रह किया तो साहब ने 5000 रू. कम करते हुए 17000 रू. लेना का कहा, जिस पर मैंने अभी कुछ देर पहले श्री हरिसिंह से उक्त राशि प्राप्त कर गिनकर मेरे पहनी हुई जीन्स–पैण्ट के पीछे की बांयी में जेब रखे थे, जो अभी भी मेरी जेब में ही हैं। हाजिर परिवादी श्री हरिसिंह ने भी सह–आरोपी श्री विशालसिंह के उक्त तथ्यों की ताईद करते हुए बताया कि श्री विशालसिंह ने मुझे कहा कि श्री विनोदकुमार शर्मा ने मुझे आपके पास भेजा हैं एंव मीटिंग में व्यस्त होने से उन्होनें स्वयं को किसी भी प्रकार का कॉल करने से आपको मना किया हैं, जिस पर मैंने धन्धा मन्दा होने से पूर्व में तय राशि 22000 रू. में से कुछ कम करने का आग्रह किया तो श्री विशालसिंह ने श्री विनोदकुमार को कॉल कर मेरे से कुछ दूर जाकर बात की एंव वापस मेरे पास आकर कहा कि आप 5000 रू. कम दे दो, जिस पर मैंने फिनोफ्थलीन पाउडरयुक्त राशि 22000 रू. मेरी जेब से निकालकर इसमें 5000 रू. अलग कर शेष 17000 रू. विशालसिंह को दे दिए एंव 5000 रू. मेरे पास रख लिये जो अभी भी मेरे पास हैं एंव विशालसिंह ने मेरे से 17000 रू. प्राप्त कर गिनकर अपने जीन्स के पीछे की बांयी में जेब में रखे थे। जिस पर सह–आरोपी श्री विशालसिंह से आरोपी श्री विनोदकुमार शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी की उपस्थिति बाबत् पूछने पर श्री विशालसिंह ने बताया कि श्री शर्मा जी अभी सीएमएचओ ऑफिस में मौजूद हैं, जिस पर परिवादी व सह–आरोपी श्री विशालसिंह को हमराह लेकर मन् निरीक्षक पुलिस मय समस्त हमराहियान जरिये हमराही वाहनों के रवाना होकर तुरन्त ही सीएमएचओ कार्यालय सिरोही पंहुचे तो आरोपी श्री विनोदकुमार शर्मा अपने कार्यालय में उपस्थित मिला, जिनकी सह–आरोपी व परिवादी द्वारा निशांदेही की जाने पर श्री विनोदकुमार शर्मा को मन् निरीक्षक पुलिस मय हमराहियान का परिचय देकर आने के मन्तव्य से अवगत करवाकर उनका परिचय पूछा तो उन्होनें अपना परिचय श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री रामकिशन शर्मा, जाति ब्राहम्ण, निवासी बोभगेडी, तहसील जानसट, जिला मुजफ्रनगर (उतरप्रदेश) हाल नया दरवाजा कक्कुवालों की पोल, करणी चौराया नागौर हाल खाद्य सुरक्षा अधिकारी ,कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिरोही, जिला सिरोही, मोबाईल नं0 9799174892 के रूप में दिया। इस दोरान सीएमएचओ कार्यालय सिरोही में राजकीय स्टाफ व आमजन की भीड़

